5

पत्रांक–2 / एम०–50 / 2026–
बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

कुमार रवि,
सरकार के सचिव।

सेवा में,

सभी असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य
चिकित्सा पदाधिकारी, बिहार
सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक / /2026

विषय : राज्य के सभी जिला / सदर अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था सृदृढ़ करने के सम्बन्ध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सबंध मे कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओ मे गुणात्मक सुधार करने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नई रेफरल व्यवस्था लागू की गयी है, जिसके अन्तर्गत मरीजों को विशेष परिस्थिति मे ही बडे अस्पताल मे या नजदीकी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में रेफर किया जाना है। विभाग का लक्ष्य है कि मरीजो को उनके निकटतम सरकारी अस्पताल मे हीं समुचित ईलाज प्राप्त हो सके। उक्त हेतु प्राथमिकता से राज्य के सभी जिला / सदर अस्पतालो मे 24X7 आई०सी०यू० एव इमरजेन्सी सेवाओ का प्रभावी संचालन की व्यवस्था की गई है।

2 नई रेफरल व्यवस्था के लागू होने से राज्य के सभी जिला / सदर अस्पतालो मे मरीजो की संख्या में वृद्धि होना सम्भावित है जिसको ध्यान मे रखते हुए इन अस्पतालो में भीड नियत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ करना भी आवश्यक है। इसके साथ ही अस्पतालो मे कर्त्तव्य के दौरान चिकित्सकों एव कर्मियों के साथ कोई अप्रिय घटना नही हो, यह भी सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

3 उपरोक्त के आलोक में अपने स्तर से सभी जिला / सदर अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जाय। साथ ही तीनो शिफ्ट मे पर्याप्त सख्या मे (प्रात. कालीन एव सध्या कालीन मे दो–दो एव रात्रि कालीन पाली मे चार) अस्पतालों मे सुरक्षा गार्ड व सुपरवाईजर (वर्दीधारी) की तैनाती संबधित मैन पावर एजेंसी के माध्यम से करना सुनिश्चित किया जाए ताकि अस्पताल परिसर में किसी सभावित अप्रिय घटना के दौरान चिकित्सकों एव कर्मियों को आवश्यक सुरक्षा प्रदान की जा सके।

4. कृपया इसे शीर्ष प्राथमिकता दी जाय।

विश्वासभाजन
ह०/–
(कुमार रवि)
सरकार के सचिव।

ज्ञापाक–2 / एम०–50 / 2026– 1804(2) पटना, दिनांक 29 / 07 / 2026

प्रतिलिपि : प्रबध निदेशक, बी०एम०एस०आई०सी०एल०, पटना / कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना / परियोजना निदेशक, बिहार एड्स कन्ट्रोल सोसाईटी, पटना / प्रभारी पदाधिकारी, कमाण्ड एण्ड कन्ट्रॉल सेन्टर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि : सभी जिला पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : सभी वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : सभी क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : आई०टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

29/7/26
सरकार के सचिव।

Desk-02>Dhan>Draft>letter>Vikas>26